हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 27 नवंबर 2025

06 संविधान नहीं होता तो हमारा देश आज अखंड नहीं...



07 रात में आधा घंटे पिता से हुई थी कविता की बात, जरा...





## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया

**सीहोर।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों स्कूल कॉलेज तथा संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत एवं रविन्द्र परमार सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर, 1949 के दिन, भारतीय संविधान सभा ने औपचारिक रूप से संविधान को अंगीकृत किया और 26 जनवरी, 1950 को इसे लागू किया गया, जिससे भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 1949 में भारतीय संविधान को अंगीकृत किए जाने के सम्मान में औपचारिक रूप से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया। तब से प्रत्येक वर्ष इस दिन, राष्ट्र संविधान को अंगीकृत किए जाने, संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जानें, संविधान का निर्माण और संविधान की महिमा का उत्सव मनाया जाता है।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4265 रुपए किया

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 26 नवंबर को 4265 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए और 25 नवंबर को 4277 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने घटना पर संज्ञान लेते हुए खाने व पानी की सैंपलिंग कर जांच के दिए निर्देश


# वीआईटी कैंपस छावनी में तब्दील, पैरा-मिलिट्री फोर्स तैनात, अवकाश घोषित, छात्र लौट रहे घर

अचानक हुई छुट्टी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुराजीत ने जताई आपत्ति, बोले छात्राओं को अभिभावकों अनुमति के बाद ही हॉस्टल से जाने दिया जाए।









हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर-कोठरी

जिले के वीआईटी कॉलेज में मंगलवार रात छात्रों का गुस्सा ज्वालामुखी बनकर फूटा। भोजन और पानी की घटिया गुणवत्ता से बीमारियों का प्रकोप बढ़ने पर 3 से 4 हजार छात्रों ने एकत्र होकर कॉलेज परिसर को रणभूमि में बदल दिया। विरोध इतना उग्र हुआ कि कॉलेज की बस, दो चारपहिया वाहन और एंबुलेंस को आग लगा दी गई, साथ ही हॉस्टल की खिड़कियों के शीशे, आरओ प्लांट और कई अन्य हिस्सों में भी भारी तोड़फोड़ की गई।

छात्रों का चौंकाने वाला आरोप है कि कॉलेज में परोसा जा रहा खराब भोजन और दूषित पानी पीलिया और अन्य बीमारियों की असली वजह है। दावा है कि कई छात्र गंभीर रूप से बीमार पड़े और कुछ की जान भी चली गई। लगभग 100 छात्र अलग-अलग अस्पतालों आष्टा, सीहोर और भोपाल में भर्ती कराए गए हैं। छात्रों के अनुसार शिकायत करने पर प्रबंधन ने कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा मामले को दबाने की कोशिश की।

### गार्डों ने विरोध कर रहे छात्रों के साथ की मारपीट, उसके बाद छात्रों ने किया उपद्रव

हॉस्टल में लगातार बिगड़ रही व्यवस्था पर छात्रों ने जब शांतिपूर्ण विरोध किया, तो कहानी और काली हो गई। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल वार्डन और गार्ड्स ने प्रोटेस्ट रोकने के लिए उनसे मारपीट की और धमकाया। यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास जाने पर भी कोई ठोस जवाब नहीं मिला। इसी से छात्रों का गुस्सा नियंत्रण से बाहर हो गया और माहौल हिंसक हो गया।

### छात्रों ने लगाए गंभीर आरोप

- पीलिया का प्रकोप : हॉस्टल में खराब क्वालिटी के भोजन और दूषित पानी के कारण 100 से अधिक छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं और कुछ की मौत भी हुई है।
- गार्डों की मारपीट : अव्यवस्थाओं का विरोध करने पर हॉस्टल वार्डन और गार्डों ने छात्रों के साथ मारपीट की और चुप रहने का दबाव बनाया, जिसका वीडियो भी मौजूद है।

### कांग्रेस ने छुट्टी पर जताई आपत्ति



कोठरी स्थित प्रतिष्ठित वीआईटी कॉलेज में विरोध-प्रदर्शन और तोड़फोड़ के बाद कॉलेज प्रबंधन द्वारा 30 नवंबर तक अचानक अवकाश घोषित करने के निर्णय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कड़ी आपत्ति जताई है। बुधवार को वीआईटी पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रबंधन से साफ कहा कि अचानक की गई इस छुट्टी से दूर दराज की छात्राएं भारी परेशानी का सामना कर रही हैं, क्योंकि उन्हें घर जाने के लिए पर्याप्त बस या अन्य साधन नहीं मिल पा रहे हैं।





**सीहोर।** एबीवीपी ने वीआईटी गेट के सामने छात्रों के साथ की गई मारपीट का विरोध किया व वीआईटी कॉलेज प्रबंधन का पुतला फूंका

### प्रशासन सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं : मंत्री कृष्णा गौर

**सीहोर।** वीआईटी कॉलेज में दूषित भोजन खाने से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य खराब होने की घटना और छात्रों द्वारा प्रदर्शन की सूचना मिलने पर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला व कॉलेज प्रबंधन से घटना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। कॉलेज प्रबंधन को विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए संस्थान में कुछ दिनों का अवकाश घोषित करने को कहा है, ताकि छात्र आराम कर सकें और स्थिति सामान्य होने के साथ ही वापस लौटने पर सहज महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि कॉलेज की मेस एवं भोजन व्यवस्था का तत्काल परीक्षण कर उसे दुरुस्त किया जाए और भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुधार कर सुचारू किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि घटना पर प्रशासन सतर्क है और स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है।

### एसपी बोले-स्थिति सामान्य है, छात्र अवकाश के बाद लौट रहे हैं घर

आष्टा एसडीएम नितिन टाले ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि भोजन और पानी की सैंपलिंग कराई जाएगी और बीमार छात्रों की संख्या सहित पूरी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि प्रशासन ने हॉस्टल-प्रबंधन से भी जवाब तलब किया है और छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। किसी भी छात्र पर दबाव या धमकाने जैसी घटना दोहराई गई तो कड़ी कार्रवाई होगी। एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि स्थिति अब सामान्य है और वीआईटी कॉलेज में 30 नवंबर तक अवकाश घोषित किया गया है। कई छात्र घर लौट रहे हैं।

# वीआईटी के प्रोफेसर का शव मिला, अस्पताल में शव छोड़कर चला गया अज्ञात व्यक्ति

**सीहोर।** चाणक्यपुरी क्षेत्र में वीआईटी यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर का शव उनके किराए के मकान में मिला है। मृतक की पहचान संग्राम केसरी दास के रूप में हुई है, जो आष्टा के पास स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रॉनिक्स पढ़ाते थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब यूनिवर्सिटी पहले से ही छात्रों के उग्र प्रदर्शन और पीलिया से हुई मौतों के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है।

### अस्पताल में शव छोड़कर चला गया व्यक्ति

पुलिस और अस्पताल सूत्रों के अनुसार, आज एक व्यक्ति प्रोफेसर का शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचा और फिर वहां से चला गया। इसके बाद पुलिस को मृतक की पहचान करने में कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयासों के बाद उनकी शिनाख्त मूलतः ओडिशा



निवासी संग्राम केसरी दास के रूप में हो सकी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक के परिजन शाम तक सीहोर पहुंचने वाले हैं।

# 'हिट एंड रन': मंत्री-विधायक से करीबी संबंध जताने वाला भोपाल सिंह गिरफ्तार, कार जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंडी थाना क्षेत्र के सोया चौपाल मुगीसपुर में 21 नवंबर की रात हुए भीषण हिट एंड रन मामले में फरार आरोपी भोपाल सिंह वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को उसकी मंत्री-विधायक से नजदीकी और रसूख दिखाने के कारण चर्चा में रहा था। पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

गिरफ्तार आरोपी भोपाल सिंह वर्मा निवासी चितवलिय की चर्चा इसलिए तेज हो गई थी क्योंकि वह अक्सर प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और कालापीपल से बीजेपी विधायक घनश्याम चंद्रवंशी से अपने करीबी संबंध होने का दावा करता था।

### मोबाइल की डीपी में मंत्री वर्मा के साथ फोटो

सूत्रों के अनुसार आरोपी ने अपने मोबाइल की डिस्प्ले पिक्चर डीपी पर भी राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के साथ वाली फोटो लगा रखी। इतना ही नहीं उसने सोशल मीडिया पर विधायक घनश्याम सिंह चंद्रवंशी के साथ खड़े होने के फोटो भी वायरल किए थे, जिसके आधार पर ग्रामीण उसकी राजनीतिक पहुंच





की बात कहते थे।

### पांच दिन पहले की थी वारदात

मंडी थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 21 नवंबर की रात हुआ था। अनियंत्रित कार ने गुड़वेला निवासी कृष्णा वर्मा और शुभम वर्मा को जोरदार टक्कर मार दी थी।


टक्कर इतनी भीषण थी कि कृष्णा वर्मा की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई। वहीं शुभम वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज भोपाल एम्स में चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। टक्कर मारने के बाद कार चालक भोपाल सिंह वर्मा मौके से फरार हो गया था।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई पुष्टि, देर रात गिरफ्तार :** सूचनाकर्ता प्रेम सिंह वर्मा की रिपोर्ट पर मंडी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज से पुष्टि हुई कि आरोपी भोपाल सिंह ही दुर्घटना को अंजाम देने के बाद तेज गति से भागा था।

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 नवंबर की देर रात आरोपी भोपाल सिंह को उसकी अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दुर्घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी बरामद कर लिया है।

### दोपहर तक बंद रहा शहर पुलिस रही हर जगह तैनात, न्याय के लिए मांग

# गौहरगंज की दरिंदगी पर आक्रोश, बंद रहा सफल, आरोपी के लिए मांगी फांसी, लिखा पत्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम बालिका के साथ हुई जघन्य बर्बरता की घटना ने सीहोर जिले में भी भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। बुधवार को सकल हिंदू समाज के आह्वान पर सीहोर शहर के बाजार पूरी तरह बंद रहे और शहर में सन्नाटा पसरा रहा। विहिप, बजरंग दल सहित विभिन्न व्यापारी संगठनों ने इस बंद को पूर्ण समर्थन दिया।

गौरतलब है कि शुक्रवार रात हुई इस दरिंदगी के बाद मासूम बच्ची भोपाल एम्स के आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार आरोपी की बर्बरता के कारण बच्ची को पूरी तरह ठीक होने में छह महीने का लंबा वक्त लग सकता है।

**चौथे दिन भी फरार 'दरिंदा' :** पूरे क्षेत्र में आक्रोश का सबसे बड़ा कारण यह है कि जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाला आरोपी सलमान उर्फ नजर घटना के चौथे दिन भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपी ने बच्ची को टॉफी का लालच देकर अगवा किया था। आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर शहर का बाजार बाजार पूरी तरह बंद रहा।

**राष्ट्रपति से मृत्युदंड की मांग :** आक्रोशित सकल हिंदू समाज सीहोर ने बुधवार को इस मामले में कठोरतम कार्रवाई की मांग करते हुए सीधे राष्ट्रपति को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने मुख्य रूप से फरार आरोपी सलमान को तत्काल गिरफ्तार करने और उसे सिर्फ मृत्युदंड की सजा दिए जाने की मांग की है। समाज ने इस घटना को वीभत्स बताते हुए कहा है कि इससे हिंदू समाज की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

### स्थानीय गतिविधियों पर भी उठाए सवाल

समाज ने इस पत्र के माध्यम से गौहरगंज की घटना के अलावा सीहोर और आसपास के क्षेत्रों में हो रही अन्य कथित हिंदू विरोधी गतिविधियों की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। पत्र में दो माह में घटित होने वाली निम्न घटनाओं का उल्लेख किया गया है जिसमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सीहोर और आष्टा स्थित पुष्प कल्याण हॉस्पिटल की आढ़ में ईसाई मजहब में धर्मांतरण के आरोप। सीहोर और आस पास के क्षेत्रों में लव जिहाद की घटनाएं निरंतर होने का आरोप। क्षेत्र में गौ तस्करी और गौ हत्या की घटनाएं भी लगातार हो रही हैं। सकल हिंदू समाज ने मांग की है कि कथित रूप से हिंदू विरोधी कार्य संचालित करने वाले विभिन्न समाजों के केंद्रों की जांच की मांग व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की की मांग की है।

# ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी करने वाले संतोष वर्मा के खिलाफ सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

**सीहोर।** सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में गुरुवार को दोपहर बारह बजे जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में ब्राह्मण समाज को लेकर विवाहित बयान दिया है। इसका ब्राह्मण समाज विरोध करता है। इसको लेकर गुरुवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे सभी समाजजन शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में एकत्रित होकर दोपहर बारह बजे कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। इसको लेकर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या मं आने की अपील की है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा का बयान अखिल भारतीय सेवा आचरण के विरुद्ध तथा ब्राह्मण सम्मान के साथ खिलवाड़, अमर्यादित और आपत्तिजनक है। इससे समाज में आक्रोश है। इसलिए समाज के अध्यक्ष श्री शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एक दिसंबर को प्रदेश में होगा गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्री परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रम कानून के संबंध में लिए गए फैसले के लिए मंत्रि-परिषद की ओर से उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग व्यापार के लिए यह अद्भुत कला है, श्रम से संबंधित 44 कानून की बजाय केवल 4 कानून की व्यवस्था से उद्योग व्यापार जगत को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। यह कानून पूरे देश में एक साथ लागू होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में 8 और 9 दिसंबर को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी। इसके साथ ही 9 दिसंबर को मंत्री परिषद की बैठक खजुराहो में होगी। यह गतिविधि केन बेतवा लिंक परियोजना और बुंदेलखंड के विकास को समर्पित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जन्मी मादा चीता ₹मुखी₹ द्वारा 5 शावकों को जन्म देना बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा और प्रदेश में औद्योगिक तथा निवेश गतिविधियों के विस्तार के लिए हैदराबाद में हुए रोड-शो की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने एक दिसंबर से आरंभ होने वाले गीता जयंती समारोह के अंतर्गत होने वाली गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी दी।

### स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 889 गर्भवती महिलाओं की जांच, बांटी दवाईयां



**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 25 नवंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 889 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 179 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है।

छात्राओं ने बताया देश के लोकतांत्रिक संविधान का महत्व, विजेताओं को किया पुरस्कृत

# संविधान नहीं होता तो हमारा देश आज अखंड नहीं होता : रूपश्री

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर विद्यालय प्राचार्य रूपश्री नागेश के द्वारा किया गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छात्राओं ने भाषण कविता निबंध और नाटक के माध्यम से भारतीय लोकतत्र और संविधान का महत्व बताया और सदैव संविधान के पालन की शपथ ग्रहण की।शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हाई सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संविधान दिवस को लेकर दिए गए उद्बोधन को भी टेलीविजन के माध्यम से सुना।

कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर विद्यालय प्राचार्य रूपश्री नागेश के द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे अच्छा संविधान हमारे देश का है आज अगर संविधान नहीं होता तो हमारा देश अखंड नहीं होता। हमारी बेटियों को शिक्षा का अधिकार संविधान ने ही दिया है।

शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा भी बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वरिष्ठ शिक्षिका बर्षा राठौर के द्वारा देश की आजादी और संविधान सभा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान -छात्रा नेहा कविता, अलका रिंकू यादव सहित अन्य छात्राओं ने कविता,भाषण, निबंध और नाटक के माध्यम से भारतीय संविधान की खूबसूरती अनेकता में एकता, सामाजिक सद्भाव, न्यायपालिका, कार्यपालिका, शासन प्रशासन और विधानसभा लोकसभा सांसद की कार्यशाली की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

छात्रों के द्वारा दी गई प्रस्तुति की प्राचार्य रूपश्री नागेश ने प्रशंसा की और छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए । संविधान दिवस कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक जितेंद्र सेन के द्वारा किया गया।

संविधान दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षिक सीमा जैन, अर्चना शर्मा, सुनीता मालवीय, सुनीता राठौर, अरुशेंद्र शर्मा, ज्योति बड़ेरिया, रिचा गुप्ता, सीमा सिंह, ममता समाधिया, पूनम पाठक, रेणु सोलंकी, रीना जैन, राखी नामदेव, प्रेमलता धोड़ेसवर, पियूष बैरागी, विशाल कौशल,



नीलम सक्सेना अर्चना उरवे सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और-छात्राएं सम्मिलित रहे।

# किसान की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के भौंरासा क्षेत्र में एक किसान की कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश एवं जान से मारने की धमकियों का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान सतीश जोशी, निवासी जवाहर नगर देवास, ने वार्ड पार्षद रुपेश वर्मा के साथ कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम संबंधित अधिकारी को आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में सतीश जोशी ने बताया कि उनके स्वामित्व वाली लगभग 1.942 हैक्टेयर कृषि भूमि ग्राम भौंरासा, तहसील सोनकच्छ में स्थित है और सभी सर्वे नंबर राजस्व रिकार्ड में विधिवत उनके नाम दर्ज हैं। वे अपने खेत की नियमित देखभाल करते हैं तथा समय-समय पर मजदूर या सहयोगी भी कार्य हेतु नियुक्त करते हैं। जोशी के अनुसार भौंरासा निवासी कब्जाधारी एक कुख्यात तत्व है जो उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से बार-बार खेत पर आता है और उन्हें तथा उनके परिवार को गाली-गलौज, धमकी एवं जान से मारने की चेतावनी देता है। पीड़ित किसान ने स्पष्ट किया कि आरोपी से उनका कोई लेन-देन या विवाद नहीं है, फिर भी वह जमीन पर अपना आधिपत्य जमाने का प्रयास कर रहा है। जब भी वे या उनका नियुक्त कार्यकर्ता खेत पर पहुंचते हैं, आरोपी उन्हें वहां से धमकाकर भगा देता है।

### गीता जयंती पर होगी गीता ज्ञान श्लोक प्रतियोगिता

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गीता मानस समिति के तत्वाधान में गीता जयंती पर्व धूमधाम से मनाया जायेया। आगामी 1 दिसम्बर पर गीता जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः 9 बजे से गीता जी के श्लोकों के साथ हवन आहूति का आयोजर होगा। जिसमें नगर के नागरिक भारतीय गणवेश में हवन में शामिल होंगे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार, 2 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से शहर के छात्र-छात्राओं के बीच गीता श्लोक गायन प्रतियोगिता होगी, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक एक वर्ग एवं दूसरे वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के बीच प्रतियोगिता होगी।

प्रतियोगिता की सफलता हेतु नगर के अधिकतर विद्यालयों को विधिवत सूचना एवं निमंत्रण पत्र दिये गये हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार इस वर्ष छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। समिति के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया सहित विष्णु भरतिया, चन्द्रभान यादव, अनिल शर्मा, मोहन चौरसिया, अजय मिश्रा, बाबू भाई मिस्त्री, सत्यनारायण शर्मा, गापाल अग्रवाल, गीते साहब ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# उत्कृष्ट स्कूल में मनाया 76वां संविधान दिवस





**सीहोर।** बुधवार को उत्कृष्ट स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस दिन देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें संविधान की महत्ता और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर राजेंद्र देशमुख ने किया और संवैधानिक संबोधन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर डॉ. देवेंद्र साहू द्वारा संविधान की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला गया, साथ ही उद्देशिका पढ़ी गई। 76वां संविधान दिवस समारोह पर एन एस एस ऑफिसर देवेंद्र कुमार राय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संविधान पर जनजागृति और मूल अधिकारों पर चर्चा की गई। हिन्दी विद संगीता भार्गव द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य और कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही, डॉ. अंबेडकर के योगदान को सम्मानित करना और संविधान की विरासत को आगे बढ़ाना है । संविधान दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सीहोर में उत्साह और गरिमापूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एस के पाठक सर ,रामवृक्ष भारतद्वाज सर ,पी टी आई अर्चना सिलोदिया, कार्तिक राय सर, प्रीति पवैयामैडम, रुचि लोवानिया मैडम, सविता ठाकुर मैडम, जयकिशन जोशी सर, धनेश कोरचे सर, लक्ष्मीनारायण आहूजा, ललित मोहन अहिरवार, नेहा राठौर, जाहिदा खान, अमनता मैडम, गुंजन मैडम, आरती विश्वकर्मा, आशा सोलंकी, माला मैडम उत्कृष्ट विद्यालय का समस्त स्टॉफ और छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में टिगाली-पाडल्या के बीच मैच आयोजित



**भैरूंदा।** खेलेगा बुधनी, जीतेगा बुधनी के जोशीले नारे के साथ केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को भैरूंदा नगर के खेल मैदान में ग्राम पंचायत टिगाली एवं पाडल्या के बीच एक रोमांचक क्रिकेट मुकाबले का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन ने क्षेत्र में खेलों के प्रति नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। मैच का शुभारंभ भाजपा मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना द्वारा टॉस कराकर किया गया। टॉस के पश्चात दोनों नेताओं ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का सशक्त मंच है। इससे युवाओं को न केवल आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। खंडेलवाल और मकवाना ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, "हार और जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन मैदान में उतरने का साहस, मेहनत और आत्मविश्वास ही खिलाड़ी की असली पहचान है। हर गेंद और हर रन के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना रखें, यही सच्ची खेल भावना है। इस आयोजन में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, युवा नेता कार्तिकेय चौहान के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। वहीं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर, जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। दर्शकों की तालियों और उत्साहवर्धन के बीच दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मैदान को रोमांच से भर दिया।

इस मुकाबले ने साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र का युवा भी किसी से कम नहीं है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से गांव-गांव में खेल संस्कृति मजबूत हो रही है और युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल रही है। यह आयोजन आने वाले समय में जिले को नई खेल प्रतिभाएं देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# महिला अधिकार मंच ने किया सोशल आइकन अवार्ड का आयोजन



**सीहोर।** महिला अधिकार मंच द्वारा सोशल आइकन अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंच की जिलाध्यक्ष प्रीति सोनी सहित अनेक महिलाओं का सम्मानित किया गया।

मंच की जिलाध्यक्ष प्रीति सोनी ने बताया कि महिला अधिकार एवं समाज कल्याण मंच भोपाल की ज्योति सिंह द्वारा प्रजापिता ब्रह्ममाकुमारी सेंटर राजयोग भवन अरेरा कॉलोनी भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टीवी अभिनेत्री सुनीता राजवार एवं समाजसेवी अरुणा सुदेश राय को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान जिले की महिलाओं के नाम मेरे द्वारा मांगे गए थे उनके द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिन्हें सम्मानित किया गया, इसमें संध्या बजाज, प्रेमलता राठौर, भावना बैरागी, भावना चंद्रवंशी, वर्षा शर्मा, संगीता मालवीय, सीमा सक्सेना, ब्रह्माकुमारी पंचशीला दीद, ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी सभी बहनों का सम्मान मंच पर किया गया मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देती हूं उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उनकी समाज सेवाओं के लिए और हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति सिंह दीदी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं की जो महिलाएं अपनी समाज सेवाएं देती है। उन्हें मंच पर बहुत कम सम्मान मिलता उन महिलाओं को भोपाल के इतने बड़े मंच पर सम्मान मिला आज वह मंच पर सम्मान का पात्र बनी।

### संविधान दिवस पर जिला न्यायालय में किया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश सहित सभी न्यायाधीशों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया।इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आर्य ने कहा कि संविधान के कारण ही हम आज लोकतंत्रात्मक पद्धति का पालन करते हुए स्वतंत्रता, समानता और धर्म निरपेक्षता से जीवन व्यतीत कर रहे है। हम सभी को संविधान एवं विधि के प्रावधानों का पालन करना चाहिए एवं यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि अन्य व्यक्ति भी इसका पालन करें। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, तृतीय जिला न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, द्वितीय जिला न्यायाधीश एम.के. वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती सपना शर्मा अन्य अधिवक्तागण, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल्स, न्यायालयीन कर्मचारीगण आदि उपस्थित थे।

पीजी कॉलेज में संविधान दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन, विद्यार्थियों को समझाए कर्तव्य

# भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जो हमारे भारत की आत्मा है : डॉ. रोहिताश्व कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, एनसीसी इकाई, शासकीय विधि महाविद्यालय सीहोर, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में संविधान दिवस कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण उपरांत संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया इसके बाद पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है जो भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। संविधान की प्रस्तावना के एक-एक शब्द पर विचार करने पर हम पाते हैं कि यह राष्ट्र की एकता अखंडता समता, स्वतंत्रता, विचार, अभिव्यक्ति, न्याय विश्वास, धर्म जैसे सार्वभौमिक और सर्व धर्म हिताय विचारों को दर्शाता है इसी कारण यह विश्व का एक अनूठा संविधान है लोकतंत्र के चारों स्तंभ व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं



पत्रकारिता संविधान का विधिवत अनुपालन कराने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करते हैं। डॉ. उदय डोलस ने भारतीय संविधान में उच्च शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रावधानों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. रुखसाना अंजुम खान ने भारत के संविधान निर्माण तथा इसे लागू करने के इतिहास तथा महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार साहू ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच तथा स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की गई। इस तारतम्य में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीजी कॉलेज की टीम के विद्यार्थियों मनीष मालवीय, अंजलि कौशल, रितिका वर्मा, तथा नीरज भारती ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान विधि महाविद्यालय की टीम के छात्रो आकाश पाल, अंकित सोनी, प्रिंस मालवीय, हेमराज सिंह ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर टिशा चौकसे, उन्नति श्रीवास्तव, उमेश पंसारी, तथा प्रकाश मालवीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी मेवाड़ा ने द्वितीय स्थान उमेश पंसारी तथा तृतीय स्थान सोनम प्रजापति ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के पश्चात एक संविधान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों और शैक्षणिक स्टॉफ ने सहभागिता की।

उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ तृप्ता झा प्रभारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, डॉ. दुष्यंत कौल सहायक प्राध्यापक, विधि महाविद्यालय ने किया तथा अंत में आभार डॉक्टर टिमोथियस एक्का ने माना ।

# बहुजन उत्सव समिति ने मनाया संविधान दिवस



**सीहोर।** संविधान दिवस के अवसर पर बहुजन उत्सव समिति द्वारा बुधवार को सुबह 9 बजे अंबेडकर पार्क सीहोर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं कैंडल जलाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले, जांगड़ा समाज अध्यक्ष रामचरण दसलानिया, दयाराम गवाटिया, लक्ष्मी दोहरे, प्रेमलता सेल, एन.पी.सागर, लाड़सिंह कटारिया, सुनील बामनिया, कृष्णा सूर्यवंशी, कपिल चौधरी, नीरज जाटव, नवीन महोबिया, सचिन जाटव, धनराज थरेले, पार्षद लोकेंद्र वर्मा, राहुल कचनेरिया, भवरलाल थरेले, मोनू जाटव, महेंद्र परसैया, एच.एस.हिंडोलिया, धनसिंह, हरीश धोलेवंश, रिंकू जाटव, गेंदालाल सूर्यवंशी, करण सिंह खेलवाल, निर्मल कचनारिया, विक्की महोबिया सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

इस मौके प्रेमलता शैल एवं कृष्णा सूर्यवंशी ने संविधान की प्रस्तावना क्या कहती है व संविधान हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है के बारे में अपने-अपने वक्तव्य प्रकट किये।

**हादसा: सरकारी फ्लैट में रहती थीं नायब तहसीलदार, पुलिस ने राजस्व परिसर किया सील**

# रात में आधा घंटे पिता से हुई थी कविता की बात, जरा भी परेशानी या दवाब में नहीं थीं

**सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक नायब तहसीलदार की अपने फ्लैट की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस जांच में जुट गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



**विदिशा।** घटना के बाद अस्पताल पहुंचे नायब तहसीलदार के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था।

राजस्व परिसर में अधिकारियों के लिए बनाए गए शासकीय भवन की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से गिरकर इंदौर के नंदानगर निवासी नायब तहसीलदार कविता कड़ेला की मौत हो गई। वह छह माह से विदिशा में पदस्थ थीं। पुलिस ने पूरे राजस्व परिसर को सील कर दिया।

पुलिस सुसाइड और हादसा, दोनों ही एंगल से जांच रही है। जानकारी के मुताबिक कविता कड़ेला अपने सरकारी आवास की तीसरी मंजिल स्थित अपने फ्लेट की बालकनी में थीं, तभी अचानक नीचे गिर गईं। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रशांत जैन ने बताया कि कविता को गंभीर चोटों के साथ लाया गया था। उनकी मौत पहले ही हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी अस्पताल व घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने राजस्व परिसर को सील कर निरीक्षण शुरू किया है। छत के किनारों, सीढ़ियों और आसपास के हिस्सों में मिले संभावित निशानों की बारीकी से जांच की जा रही है।

### रात को आधा घंटे की थी पिता से बात

कविता ने रात को अपने पिता से करीब आधा घंटे बात की थी। नायब तहसीलदार करीब छह कलेक्टर के साथ काम कर चुकी थीं। पिता के मुताबिक बात करने के दौरान बेटी जरा भी दवाब या परेशानी में समझ नहीं आ रही थी। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है।

**पुतला दहन कर जताया आक्रोश**

# ब्राह्मण समाज संगठन ने आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल





ब्राह्मण समाज संगठन कालापीपल ने अजाक्स के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में शनिवार को तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष पं. दिनेश नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजजन तहसील कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में कहा गया कि 23 नवंबर को पदभार ग्रहण करने के बाद संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच से की गई टिप्पणी से ब्राह्मण समाज अत्यंत आहत है। समाजजनों ने इस टिप्पणी को घृणित मानसिकता बताते हुए संबंधित अधिकारी को तुरंत पद से हटाने और कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के पूर्व समाजजनों ने तहसील कार्यालय के सामने मुख्य सड़क पर संतोष वर्मा पुतला दहन कर विरोध किया। उपस्थित समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते राज्य सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए तो ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संगठन ने कहा कि समाज की बेटियों के सम्मान से जुड़े मुद्दे पर कोई समझौता स्वीकार नहीं है। इस दौरान संरक्षक डॉ. सुभाष शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, सुखदेव शर्मा, अशोक पंचोली, उमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, राधेश्याम शर्मा, विनय वैजापुरकर, आशीष जोशी, हेमंत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**पुनरीक्षण कार्य की प्रगति में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल**

# एसआईआर: अंतिम तिथि में 8 दिन शेष, 79 फीसदी कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) तीव्र गति से चल है। जिले की सभी पांचों विधानसभाओं में एसआईआर प्रगति की बात करें तो अब तक लगभग 79 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे शब्दों में सभी बीएलओ द्वारा मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का 79 प्रतिशत डिजिटाईजेशन पूरा किया जा चुका है। आपको बतादें कि जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से 25 नवंबर की शाम 6 बजे तक 9 लाख 25 हजार के लगभग मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे। अगर विधानसभावार देखें तो अभी तक हुए एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विधानसभा अव्वल स्थान पर है।

### 4 दिसंबर तक पूर्ण करना है एसआईआर कार्य

राज्य निवार्चन आयोग ने एसआईआर कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि आगामी 04 दिसंबर निर्धारित की है। ऐसे में आगामी 08 दिनों में शेष रहे मतदाताओं के गणना-पत्रकों की डिजिटाईजेशन किया जाएगा। जिले के उच्चाधिकारी भी प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाईज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

**द्वितीय अपर सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला**

# प्राणघातक हमले के 2 आरोपियों को 10-10 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



करीब 5 वर्ष पहले साल 2021 में एक युवक के सीने पर चाकू से वार करते हुए प्राणघातक हमला करने वाले 2 आरोपियों को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। खिलचीपुर में हुई इस घटना का प्रकरण राजगढ़ द्वितीय अपर सत्र न्यायालय में चल रहा था जहां अभियोजन पक्ष के गवाहों एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है।

### क्या था पूरा मामला

लोक अभियोजक पीएन मालाकार ने बताया कि लखन नाम के युवक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके गांव के ललित पर हरिसिंह पिता कंवरलाल निवासी बघेली ने आरोप लगाया था कि उसकी(हरिसिंह) की पत्नी को ललित अपनी बाईक पर बैठाकर ले गया था। इस पर हुए विवाद के चलते 2 सितंबर 2021 को दोनों पक्ष के लोग सुलह, बातचीत के लिए खिलचीपुर के नाहरदा मंदिर में इकट्ठा हुआ थे।

इस दौरान हरिसिंह ने चाकू निकाला और ललित को जान से मारने की नीयत से उसके सीने पर वार कर दिया। हरिसिंह के साले विष्णु ने भी ललित को पकड़ लिया। चाकू के हमले में लहुलुहान हुए ललित को बाद में अस्पताल भेजा गया एवं थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई गई। पुलिस ने उस समय हरिसिंह व विष्णु पर धारा 307, के तहत अपराध दर्ज कर चालान कोर्ट में प्रस्तुत किया। इसी मामले में तमाम सबूतों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी हरिसिंह पिता कंवरलाल सौंधिया निवासी बघेली एवं विष्णु पिता प्रेमसिंह सौंधिया निवासी उदपुरिया को दोषी पाते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है। दोनों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

**10 लाख से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण**

# सुंदरपुरा मोरसरा की पुलिया पर एक बार फिर अनियमितता की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास



ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब हरिभूमि ने इस मामले को आठ नवंबर को समाचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर प्रशासन के दबाव में ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया अब उसी काम में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा 2 फिट निम खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही है। उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे हैं। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो ये पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड जाएगी क्योंकि इस पुलिया पर काफी दूर तक का पानी आता है कॉलोनी से इसी रस्ते को पार करके बच्चे स्कूल जाते ये पुलिया ग्रामीणों के लिए बारिश के समय में खतरा बन सकती है।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।
**अरुण कुमार,** जनपद पंचायत इंजीनियर ब्यावरा

# साथिया वेलफेयर सोसायटी ने जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर



साथिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बुधवार को महिलाओं पर हो रहे हिंसा की रोकथाम के लिए शुजालपुर जनपद पंचायत के ग्राम जेठडा के माध्यमिक विद्यालय में अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच मनोज वर्मा पंचायत सचिव श्यामसुंदर शर्मा एलएलबी की छात्रा जागृति बारोड संतोष पाटीदार उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान दिवस के महत्व पर चर्चा की एवं उपस्थित प्रतिभागियों को संविधान के तहत दिए गए नागरिक अधिकारों के विषय में जानकारी दी। तत्पश्चात पंचायत सचिव श्यामसुंदर शर्मा द्वारा संविधान में हमारे मौलिक अधिकार क्या-क्या है संविधान के अंतर्गत कितने विभाग आते हैं इन सबकी जानकारी दी गई। साथ ही साथ एलएलबी की छात्रा जागृति बारोड द्वारा बच्चों के अधिकार महिलाओं के अधिकार एवं गुड टच बेड टच पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर हमारे साथ कहीं पर भी फील्ड स्कूल ऑफिस या राह चलते कहीं पर घटनाएं होती है तो हमें छुपाना नहीं चाहिए और तुरंत अपने माता-पिता को बताकर उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए साथ ही संतोष पाटीदार सर द्वारा जेंडर असमानता क्या है इस पर भी चर्चा की गई जिसमें प्रतिभागियों को लैंगिक भेदभाव और उसका समाज पर प्रभाव के विषय पर विस्तार से जानकारी दी साथिया संस्था के जिला समन्वय मांगीलाल यादव ने प्राकृतिक लिंग और सामाजिक लिंग में अंतर को समझाया और चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों ने जाना कि कैसे कई बार जानकर या बिना सोचे समझे हम महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को बढ़ावा देते हैं। लैंगिक हिंसा को कम करने में पुरुष और महिलाओं को की क्या भूमिका हो सकती है और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हुआ क्या रोल निभा सकते हैं उस पर सहभागी चर्चा हुई इस चर्चा से यह निष्कर्ष निकला की सबसे पहले स्वयं में बदलाव करेंगे फिर समाज और समुदाय में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अंत में सभी को शपथ दिलाई गई।

# भगवान गिर्राजधरण और सिद्धेश्वर बालाजी को अर्पित किए 56 भोग

## पारायण समिति एवं जेल चौराहा मंदिर में हुए आयोजन



**राजगढ़।** श्रीराम विवाह पंचमी के पावन अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए गए। स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति परिसर में भगवान गिर्राज धरण एवं जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भगवान को 56 भोग की प्रसादी अर्पित करते हुए क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना ईश्वर से की गई। जेल चौराहा स्थित सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर के शिखर पर ध्वज अर्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रृद्धालुओं ने भगवान की पूजा-अर्चना करते हुए आर्शिवाद प्राप्त किया। इसी तरह पारायण समिति स्थित भगवान गिर्राजजी को छप्पन भोग अर्पित करने के पूर्व महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। उल्लेखनीय है कि दोनों मंदिर समिति से जुड़े श्रृद्धालुओं, समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा काफी दिनों से उक्त आयोजनों को लेकर तैयारियां की जा रही थीं। इन दोनों मंदिरों के साथ ही नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रृद्धालुओं द्वारा अलग-अलग अनुष्ठान संपन्न करवाए गए।

### अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा मौर्य भी हुए सम्मिलित

गीता मानस प्रचार समिति में भगवान गिर्राज धरण की पूजा-अर्चना एवं छप्पन भोग अर्पण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य पहुंचे। उन्होंने स्थानीय श्रृद्धालुओं से वार्तालाप करते हुए नगर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# आदर्श विद्यालय में वार्षिक उत्सव, छात्रों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

## विधायक बोले विपरीत परिस्थितियों से निकलकर शिक्षा में बनाया अलग स्थान




**कुरावर।** आदर्श विद्यालय में मंगलवार दोपहर आयोजित वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आए सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय ने सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा, खेल और सामाजिक मूल्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान बनाया है। विशेष अतिथि पूर्व कलेक्टर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनारायण चौहान ने छात्रों को समाज में फैल रही कुरीतियों से सतर्क रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढने की प्रेरणा दी। कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राम-कहानी, कठपुतली नृत्य, राजस्थानी व शास्त्रीय नृत्य, महाकाली और वोट के लिए धन्यवाद जैसी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रवि शर्मा और लखमीचंद्र चौधरी ने उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण शाह (पीटी) ने पेश किया, जबकि वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य अनिता शाह ने प्रस्तुत किया। संचालन अमित शर्मा ने किया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री लखन राजपूत, लक्ष्मण सिंह राणा, ओम शर्मा, गोलू शर्मा, पार्षद अनिल दरबार, राजकुमार चौकसे, मोहन वर्मा, राकेश शर्मा, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक शामिल रहे। आभार आदर्श शाह ने किया।

**गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर आयोजन**

# गुरुजी के बलिदान को किया याद, गुरुबाणी का गायन





**ब्यावरा।** सिख धर्म के नवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरु सिंह सभा, राजगढ़ रोड (ब्यावरा) द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगत ने श्रद्धा और भावनाओं के साथ गुरु जी के अपार त्याग, बलिदान और मानवता के लिए किए गए उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन और गुरबाणी गायन से हुई, जिसमें रागी जत्थों ने गुरु जी की बाणी का मधुर रस संगत को श्रवण करवाया। पूरा परिसर "वाहेगुरु" के स्मरण और शांति के संदेशों से गूंज उठा। इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

संगत ने गुरु परंपरा के अनुरूप सेवा, समानता और प्रेम का संदेश आत्मसात किया। इस अवसर पर ज्ञानी साहिबान ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी को "हिंद की चादर" की उपाधि इसलिए दी गई क्योंकि उन्होंने धर्म की रक्षा, मानवाधिकारों की सुरक्षा और अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी। कश्मीर के हिंदुओं और संतों की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान विश्व मानवता के इतिहास में अद्वितीय है। संगत ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे गुरु जी द्वारा दिखाए गए साहस, सत्य, त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलते रहेंगे और समाज में शांति, भाईचारे और सहअस्तित्व की भावना को आगे बढाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समूची संगत ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास कर देश और समाज की खुशहाली, शांति एवं सर्वजन मंगल की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### वीआईटी में घटी घटना की हो जांचः विधायक

**आष्टा।** रात्रि में कोठरी स्थित वीआईटी परिसर में विद्यार्थियों द्वारा जो आंदोलन किया तथा आंदोलन में आक्रोशित विद्यार्थियों द्वारा जिन कारणों से आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने रात्रि में घटी घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रात्रि में वीआईटी के अंदर जो कुछ घटना घटी निश्चित वो दुर्भाग्यपूर्ण है। विद्यारथियों को उग्र आंदोलन क्यों करना पड़ा। इसकी उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए क्योंकि वीआईटी कॉलेज में प्रदेश के ही नहीं, देश के अन्य प्रान्तों से विद्यार्थी अपने भविष्य का निर्माण करने, उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आए हैं उन्हें हमारे विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई दिक्कत परेशानी या असुविधा नहीं होनी चाहिए। मेरी जानकारी में आया है की घटना होने के बाद कॉलेज प्रबंधन में छात्रों को छुट्टी देती है और बड़ी संख्या में छात्र अपने घर वापस जा रहे हैं। ऐसे में उनके आवागमन में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका ध्यान रखने।


## एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहयोग के लिए कर्मचारियों को किया सम्मानित

# मेहनत व लगन से किसी भी चुनौती को समय पर पूरा किया जा सकता हैः सोलंकी

बीएलओ ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर गणना पत्रक वितरित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सराहनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को अहमदपुर के वार्ड क्रमांक 52 के बूथ स्तर अधिकारी बीएलओ गंगा सिंह सोलंकी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटिरहित, अद्यतन और सर्वसमावेशी बनाने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों की सराहना के लिए आयोजित किया गया था। मतदाता सूची शुद्धिकरण के इस महत्वपूर्ण अभियान में, बीएलओ और उनके सहयोगियों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया, गणना पत्रक वितरित किए, और मतदाताओं के विवरण का डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित किया। बीएलओ गंगा सिंह सोलंकी ने बताया कि ब्लू का कार्य उन्हें इसी वर्ष दिया गया है वे इस कार्य में इसी वर्ष बीएलओ बनाए गए थे इस दौरान कई चुनौतियों का सामना करते हुए भी कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से किया।



### कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की

पहली बार बनाया गया बीएलओ कई चुनौतियों का सामना संघर्ष के साथ समय पर कार्य पूरा.....! चर्चा के दौरान बीएलओ, गंगा सिंह सोलंकी ने हरिभूमि संवाददाता वसीम उददीन को चर्चा के दौरान बताया, बीएलओ के कार्य के लिए, मैं नए व्यक्ति था उसके बाद भी कई चुनौतियों का सामना करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर के कार्य को, मैंने अपनी सहयोगी टीम के साथ समय पर उस कार्य को पूरा किया मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती थी लेकिन कहते हैं कि इंसान मन में जो ठान ले वह कर लेता है इस तरह मैंने मन मे ठान लिया था कि इस कार्य को समय से पहले करना है सहयोगी टीम के साथ इस कार्य को समय पर पूरा कर भी लिया वहीं सहयोगी टीम द्वारा मुझे जो सहयोग मिला है उसके लिए सहयोगी टीम का सम्मान भी किया गया साथ ही समाज में यह संदेश दिया कि मेहनत और लगन के साथ कोई भी चुनौती हो समय पर पूर्ण की जा सकती है।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के हाल बेहाल, ग्रामीण परेशान

**सड़क पर बह रहा गंदा पानी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम पंचायत कुण्डिया नाथू में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के यह हाल है जो की ग्राम के समशान का मेन रास्ता है। ग्रामीणों का कहना है कि आने जाने में काफी परेशानी आती है जब गांव में कोई मृत्यु हो जाती है तब गांव के लोगों को कीचड़ में से निकल कर गुजरना पड़ता है बारिश हो या न हो लेकिन इस रास्ते पर हमेशा कीचड़ और पानी भरा रहता है। गांव के सरपंच राजा ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के तहत यह रास्ता आता है।

कई बार हमने गांव की पंचायत से शिकायत की है, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। गांव के लोग काफी परेशानी में हैं। समशान का मुख्य रास्ता भी यही है।

## संविधान दिवस पर महाविद्यालय में हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सीहोर के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, एनसीसी इकाई, शासकीय विधि महाविद्यालय सीहोर, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस के संयुक्त तत्वाधान में 26 नवंबर को महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में संविधान दिवस कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन और माल्यार्पण उपरांत संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके बाद पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है जो भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। संविधान की प्रस्तावना के एक-एक शब्द पर विचार करने पर हम पाते हैं कि यह राष्ट्र की एकता अखंडता समता, स्वतंत्रता, विचार, अभिव्यक्ति, न्याय विश्वास, धर्म जैसे सार्वभौमिक और सर्व धर्म हिताय विचारों को दर्शाता है इसी कारण यह विश्व का एक अनूठा संविधान है लोकतंत्र के चारों स्तंभ व्यवस्थापिका, कार्यपालिका ,न्यायपालिका एवं पत्रकारिता संविधान का विधिवत अनुपालन कराने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करते हैं। डॉ उदय डोलस ने भारतीय संविधान में उच्च शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रावधानों की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ रुखसाना अंजुम खान ने भारत के संविधान निर्माण तथा इसे लागू करने के इतिहास तथा महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार साहू ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच तथा स्लोगन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनमें विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की गई। इस तारतम्य में प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीजी कॉलेज की टीम के विद्यार्थियों मनीष मालवीय, अंजलि कौशल, रितिका वर्मा, नीरज भारती ने प्राप्त किय। द्वितीय स्थान विधि महाविद्यालय की टीम के छात्रो आकाश पाल ,अंकित सोनी ,प्रिंस मालवीय ,हेमराज सिंह ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर टिशा चौकसे,उन्नति श्रीवास्तव ,उमेश पंसारी,तथा प्रकाश मालवीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी मेवाड़ा ने द्वितीय स्थान उमेश पंसारी तथा तृतीय स्थान सोनम प्रजापति ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के पश्चात एक संविधान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों और शैक्षणिक स्टाफ ने सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ तृप्ता झा प्रभारी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ,डॉ दुष्यंत कौल सहायक प्राध्यापक, विधि महाविद्यालय ने किया तथा अंत में आभार डॉक्टर टिमोथियस एक्का ने माना।

## संस्कृति विद्यालय में संविधान दिवस पर बनाई विद्यार्थी श्रृंखला

**आष्टा।** संविधान दिवस के अवसर पर संस्कृति स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा संविधान दिवस की विद्यार्थियों से श्रृंखला बनाई गई। जो देखने मे बहुत ही अतभूत थी एवं आकर्षण का केंद्र बनी। विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को संविधान दिवस पर शपत दिलाई तथा, संविधान की महत्ता को बताया।




### कार्यक्रम के लिए कार्यालय की शुरुआत

**आष्टा।** संधि-शौर्य महोत्सव कार्यक्रम के लिए कार्यालय का शुभारंभ हुआ कार्यालय का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यालय शुभारंभ में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अस्मिता जागरण न्यास मध्यप्रदेश के पदाधिकारीगणो में अनिल पालीवाल, अरुणा राय, सुरेश गुप्ता, सुरेश वशिष्ठ, सुरेंद्र मेवाड़ा, डॉ गगन नामदेव, दीपेंद्र पदम वरैया, भानु प्रताप मेवाड़ा, जितेंद्र खत्री, राजेश पाठक, उदित सोनी, रजत व्यास, अक्षय साहू, प्रीतम वर्मा आदि सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### 30 को होगा निशुल्क नेत्र शिविर आयोजन

**सीहोर।** आगामी 30 नवंबर रविवार को शहर के मानक बाग तहसील चौराहा सीहोर पर एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच व शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वर्गीय मानक चंद रुठिया की पुण्य स्मृति में स्वर्गीय रठिया के पुत्र समाजसेवी विवेक रठिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिविर के सूत्रधार आशीष गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में निशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत हिरदाराम की ओर से संचालित प्राथमिक नेत्र जांच केंद्र सेवा सदन के वरिष्ठ चिकित्सक की शविर में विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे और मरीजों को मुफ्त लेंस भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर में रोगियों का पंजीयन 30 नवंबर को प्रातः11 बजे से शुरू होगा। ऑपरेशन के लिए मरीजों को अपनी आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लानी होगी। यह शिविर क्षेत्र के उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा जो आर्थिक तंगी के कारण नेत्र उपचार से वंचित हैं।

## संविधान दिवस पर हुआ शपथ कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय जावर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तावना का वाचन एवं शपथ ली गई। तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा शपथ दिलाई गई। सपथ कार्यक्रम के अवसर पर नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंगला, राजस्व निरीक्षक विक्रम सिंह खटीक , पटवारी गण एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ मौजूद रहा।

## कथा को लेकर गोविंद जाने सेवा समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी गोविंद जाने सेवा समिति द्वारा मालवा के सुप्रसिद्ध संत विनोद नागर गोविंद जाने के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन 1 जनवरी से 7 जनवरी तक किया जाना सुनिश्चित हुआ। समिति की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य शोभल सिंह मुलगी और विनीत सिंघी ने की। बैठक में आगामी भागवत कथा के अध्यक्ष चयन हेतु प्रस्ताव रखा गया। डॉ. मनोज नागर ने रूपेश राठौर का नाम प्रस्तावित किया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया। नए अध्यक्ष का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर समिति द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। बैठक में आगामी कथा आयोजन की कार्य योजना व रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत का भी साफा बांधकर सम्मान किया गया तथा उनके पूर्व कार्यकाल में किए गए सफल आयोजन की सराहना हुई। सभी सदस्यों ने तन-मन-धन से भव्य एवं सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान किया।बैठक में प्रमुख रूप से —नानूराम मेवाड़ा, संजीव सोनी, बंटी मेवाड़ा, जगदीश चौहान, विजय खंडेलवाल, राजा मेवाड़ा, चेतन वर्मा, जुगल पटेल, राजेंद्र सिंह ठाकुर, तेज सिंह राठौर, जटाल सिंह, चंदर सिंह ठेकेदार, कालू सोनी, चेतन सिंह ठाकुर, डी.के. परिहार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## आरव मसीह का अंडर-16 टीम में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मात्र नौ छह साल की आयु से हाथों में बल्ला थामने वाले आरव मसीह ने सीहोर जिले का नाम प्रदेश में रोशन कर दिया है। विकेट कीपर और विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले 14-15 साल के नन्हे खिलाड़ी मध्यप्रदेश अंडर-16 टीम में खेलते है और टीम के लिए गत दिनों लीग टूर्नामेंट में 600 रन के अलावा विकेट कीपर के रूप में एक दर्जन से अधिक विकेट लपके है। पिछले सात सालों से शहर के बीएसआई मैदान पर खेलने वाले अराव ने यहां पर होने वाले मैचों में अपने बल्लेबाजी और विकेट कीपरिंग से शानदार प्रदर्शन किया है। वह शहर के केन्द्रीय विद्यालय में 10 वीं में अध्ययनरत है। उनका चयन इस बार भी विजय मर्चेन्ट ट्राफी के लिए मध्यप्रदेश की अंडर-16 के लिए हुआ है। आगामी सात दिसंबर से रायपुर छत्तीसगढ़ में अपनी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करेंगे। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मात्र 14 साल की आयु में अनेक विजय पारी खेलने वाले आरव किसी पहचान के मोहताज है, उन्होंने 12 साल की आयु में मध्यप्रदेश अंडर-14 टीम की कामन हासिल कर ली थी और वह विगत तीन माह से मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा होने वाली अनेक प्रतियोगिता में शामिल होते आ रहे है। रायपुर में होने वाली इस ट्राफी के लिए पिछले तीन माह से अभ्यास कर रहे है। उनके चयन पर बधाई देने वालों में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, विरेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अनिल राय, प्रदीप आहुजा, अतुल जैन, दिग्विजय सिंह, भरत गुप्ता, अक्षय दुबाने, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, महेन्द्र शर्मा गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, राकेश भेरवे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, अतुल कुशवाहा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश नाविक, चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, सुनील जलोदिया आदि शामिल है।

## मांगों का निराकरण करने जिला स्तरीय सम्मेलन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समस्त कर्मचारियों की मांगों को लेकर जिला स्तरीय सम्मेलन अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 के जिला अध्यक्ष छुट्टन चांवरिया के नेतृत्व में रखा गया है, जो कि आज दिनांक 27 नवम्बर 2025 को दोपहर 1 बजे सीहोर के बालबिहार ग्राउण्ड में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में तहसीलों के समस्त कर्मचारी एवं पद अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन पश्चात रेली निकाल कर माननीय मुख्यमंत्री के नाम समस्त मांगों का ज्ञापन लेक्टर को सौपा जावगा। आयोजन में समस्त जिले की तहसीलों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष कमल भाटी की अध्यक्षता में होगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सफाई आयोग के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया रहेंगे एवं विशेष अतिथि विधायक सुरेश राय, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अखिल भारतीय कांग्रेस ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय सचिव राजू पहलवान, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जावर नगर परिषद अध्यक्ष बहन मंजू वैद्य, जवार नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, योगेश राठी नगर पालिका कर्मचारी कल्याण महासंघ उपस्थित रहेगें। उक्त सम्मेलन में सभी कर्मचारियों से अपनी-अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु भारी संख्या मे उपस्थित होने की अपील की है।

## कांग्रेसजनों ने मनाया संविधान दिवस, भारतीय संविधान हमारा मौलिक अधिकारः विवेक राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। इस लोकतंत्र को कायम रखने का सबसे बड़ा कारण भारत का संविधान है। प्रतिवर्ष हमारे देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार स्थानीय डॉ.अम्बेडकर पार्क में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर डॉ.भीम राव अम्बेडकर के द्वारा बनाये संविधान पर प्रकाश डालते हुए विवेक राठौर ने कहा कि भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ0 भीमराव आंबेडकर के 125 वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। हमारे संविधान में जाति, धर्म, ऊंच, नीच को परे रखकर तैयार किया गया है। इसमें देश के हर नगरिक चाहे वो अमीर हो या गरीब हो संविधान के तहत सबको बराबर का अधिकार दिया गया है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रीतम चौरसिया, प्रेम नारायण परमार, ओमप्रकाश बाबा, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चांडक, भगत तोमर, नितिन उपाध्याय, नीरज जाटव सोनू जोशी, सौरभ सोलंकी, तनिष्क राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।